# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–29.05.2024 (सुबह 08:30 बजे)

## मुख्य समाचार

1. संताल में प्रचार चरम पर, भाजपा नेता जेपी नड्डा, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री की आज कई चुनावी सभाएं, इंडी गठबंधन से कल्पना सोरेन,गुलाम अहमद मीर समेत कई नेता करेंगे प्रचार।

2. लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण का कल खत्म होगा प्रचार का शोर,राजमहल, गोड्डा और दुमका तीन सीट से मैदान में हैं 52 उम्मीदवार।

3. ईडी ने आइएएस मनीष रंजन और मंत्री आलमगीर आलम से कल 9 घंटे से अधिक की पूछताछ, टेंडर कमीशन मामले में उनकी भूमिका को लेकर पूछे सवाल।

4. भीषण गर्मी की चपेट में झारखंड, पलामू प्रमंडल में गंभीर हीट वेव की चेतावनी, बाकी हिस्सों के लिए यलो अलर्ट, रांची समेत 17 जिलों में पारा 40 डिग्री के पार।

************************

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में राज्य की तीन सीटों के लिए प्रचार चरम पर है। पक्ष और विपक्ष के शीर्ष नेताओं ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। एनडीए की ओर से आज भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा दुमका संसदीय क्षेत्र के सारठ के पालाजोरी में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद गोड्डा संसदीय क्षेत्र के लिए देवघर में रोड शो भी करेंगे। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजमहल लोकसभा क्षेत्र के साहिबगंज जिले के बरहेट में और दुमका लोकसभा क्षेत्र के शिकारीपाड़ा स्थित सरसडगाल में जनसभा करेंगे। इस अवसर पर एनडीए प्रत्याशी भी मौजूद रहेंगे। वहीं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव राजमहल और दुमका लोकसभा प्रत्याशियों के पक्ष में दो जनसभा को संबोधित करेंगे। इधर इंडी गठबंधन के स्टारप्रचारकों की भी ताबड़तोड़ सभाएं जारी है। देवघर में आज प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक दीपिका पांडेय समेत कई नेता जनसंपर्क और रोड शो करेंगे। दुमका में आज इंडी गठबंधन की ओर से कल्पना सोरेन की सभा होगी। आखिरी चरण में पहली जून को सात राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश की 57 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। मतगणना 4 जून को होगी।

************************

लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण के लिए कल शाम पांच बजे प्रचार थम जाएगा। झारखंड में अंतिम और सातवें चरण का चुनाव दुमका, राजमहल और गोड्डा में होना है। इन तीनों संसदीय क्षेत्रों में कुल 53 लाख 23 हजार 886 वोटर 52 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। इस बार दुमका और गोड्डा में 19–19 और राजमहल में 14 उम्मीदवार भाग्य आजमा रहे हैं। इन तीनों सीटों के लिए कुल छह हजार दो सौ अंठावन मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। 1 जून को वोट डाले जाएंगे जबकि 4 जून को मतों की गिनती होगी।

************************

लोकसभा चुनाव के वोटों की गिनती चार जून को जाएगी। मतगणना के कार्य को सुचारु और सफल संचालन के लिए प्रशिक्षण कोषांग, खूंटी द्वारा इंटर कॉलेज लोयला, खूंटी में मतगणना कर्मियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कोषांग के मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतगणना कर्मियों को कार्य और दायित्वों से अवगत कराते हुए पोस्टल बैलेट गणना और समान्य वोटों की गिनती संबंधित सभी प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मतगणना सुपरवाइजर, मतगणना माइक्रो आब्जर्वर और मतगणना सहायक शामिल हुए।

************************

टेंडर कमीशन घोटाला मामले में कल ईडी ने ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व सचिव मनीश रंजन और मंत्री आलमगीर आलम को आमने सामने बैठाकर पूछताछ की। आइएएस अधिकारी मनीष रंजन कल ईडी के दूसरे समन पर पूछताछ के लिए उपस्थित हुए थे। ईडी ने सुबह 11 बजे से रात के नौ बजे तक उनसे पूछताछ की। ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम की रिमांड अवधि 30 मई को समाप्त होगी। ईडी ने आलमगीर आलम और मनीष रंजन दोनों से टेंडर कमीशन मामले में उनकी भूमिका को लेकर सवाल पूछे।

************************

गोड्डा जिले के मुख्य चौक के पास एक वस्त्रालय दुकान के मालिक के घर आयकर विभाग की टीम ने छापेमारी की है। इस प्रतिष्ठान के पुत्र ग्रामीण विकास विभाग में बड़े ठेकेदार हैं । मंत्री आलमगीर आलम से उनकी करीबी रिश्ते को लेकर छापेमारी की संभावना बताई जा रही है। सुरक्षा बलों के घेरे में प्रतिष्ठान और घर की तलाशी हो रही है। हमारे संवाददाता ने बताया कि अभी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

************************

साहिबगंज जिले में शिक्षा विभाग के तहत आने वाले विद्यालयों में छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य किया जाएगा। इसके महत मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं में जिले के छात्रों के प्रदर्शन को और भी बेहतर करने के लिए प्रयास किया जाएगा।विस्तृत बयौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

************************

सरायकेला खरसावां जिले में त्रिपक्षीय वार्ता के दौरान कई मांगों पर सहमति बनने के बाद एक सप्ताह से चल रही आरडी रबड़ के मजदूरों की हड़ताल कल समाप्त हो गई। सरायकेला के श्रम अधीक्षक की पहल पर आयोजित त्रिपक्षीय वार्ता में कामगारों की सभी मांगों पर विचार विमर्श किया गया और कई निर्णय लिए गए।

************************

राज्य में भीषण गर्मी से लोग बेहाल हैं। मौसम विभाग के अनुसार गर्मी ने राज्य में मई महीने का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। कल पलामू का तापमान 47.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मई महीने में पलामू के लिए इस दशक का सर्वाधिक अधिकतम तापमान है। इससे पहले मई में सर्वकालिक अधिकतम तापमान का रिकॉर्ड 47.8 डिग्री सेल्सियस है, जो छह मई 1978 को दर्ज किया गया था। पलामू के अलावा गढ़वा में 47.2, चाईबासा में 43.3, रांची में 40.2 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि आज राज्य के गढ़वा, पलामू और चतरा जिले में कहीं–कहीं पर भीषण लू चलने की संभावना है। वहीं, 30 मई को राज्य के पश्चिमी, दक्षिणी औी निकटवर्ती मध्य भागों में कुछ स्थानों पर लू चलने की स्थिति रहेगी जबकि 31 मई को राज्य के उत्तर–पश्चिमी भाग में कहीं–कहीं लू चलने की संभावना है। 31 मई को राज्य के उत्तर–पूर्वी भाग में कहीं–कहीं पर हल्के दर्जे की वर्षा होने के आसार हैं। इस दौरान राज्य के पूर्वी भागों में कहीं–कहीं पर गर्जन और तेज़ हवाओं का झोंका चलने के साथ वज्रपात होने की संभावना है। एक जून को राज्य के पूर्वी भाग में कहीं–कहीं पर हल्के दर्जे की वर्षा होने की संभावना है

************************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

राजधानी रांची से प्रकाशित अधिकांश अखबारों ने लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण के लिए राजनीतिक दलों के ताबड़तोड़ प्रचार की खबरों को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है। इसके साथ भीशण गर्मी की खबर भी सुर्खियों में है।

हिन्दुस्तान लिखता है– नड्डा आज सारठ में जनसभा और देवघर में करेंगे रोड शो।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है –टेंडर कमीशन घोटाला: आईएएस मनीष रंजन से 9 घंटे तक पूछताछ, तीन जून को फिर बुलाया।

प्रभात खबर ने लिखा है – बार में मर्डर, अपराधी अभिशेक के पिता और बार के मालिक सहित 14 गिरफ्तार।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– चुनाव ड्यूटी से गायब पुलिसकर्मियों पर मुख्यालय गंभीर, 8 जिलों को पत्र ।

वहीं राश्ट्रीय नवीन मेल लिखता है –जैक बोर्ड आठवीं का रिजल्ट जारी, 94 दशमलव एक पांच प्रतिशत छात्र पास।

और अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने केजरीवाल की अर्जी पर तुरंत सुनवाई से इनकार की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

***********************